an>

Title: Need to set up a Passport Seva Kendra in Udaipur, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर) ः मेरा लोक सभा क्षेत्र उदयपुर दक्षिणी राजस्थान का संभाग मुख्यालय है। यह क्षेत्र जनजाति उपयोजना क्षेत्र है। इस संभाग में कुल 6 जिले हैं जिनमें उदयपुर, डूंगरपूर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ एवं राजसमन्द प्रमुख हैं। उदयपुर संभाग से ज्यादातर लोग रोजी-रोटी और व्यवसाय के लिए अरब देशों में जाते हैं जिनके द्वारा प्रतिवÂाऩ हज़ारों की संख्या में पासपोर्ट बनवाये जाते हैं। वÂाऩ 2012 में लगभग 25 हज़ार, वÂाऩ 2013 में लगभग 27 हज़ार, वÂाऩ 2014 में लगभग 35 हज़ार पासपोर्ट इस संभाग से बनवाये गये। अभी हाल ही में सरकार द्वारा लगाए गये पासपोर्ट शिविर में मात्र एक दिन में लगभग 1200 लोगों ने अपना आवेदन पंजीकृत करवाया है। जून 2015 को केन्द्रीय विदेश मंत्री, भारत सरकार के द्वारा उदयपुर प्रवास के दौरान उदयपुर में स्थाई पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोलने की घोÂाणा की गई थी। इसी संदर्भ में उदयपुर नगर निगम द्वारा पासपोर्ट सेवा केन्द्र के लिए नःशुल्क भवन भी उपलब्ध करवा दिया गया है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि तकनीकी टीम उदयपुर भेजकर अतिशीघ्र स्थाई पासपोर्ट सेवा केन्द्र कार्यालय विधिवत् शुरू कराया जाए ताकि आम जनता को इस सेवा का स्थाई लाभ मिल सके।